बरेली, शुक्रवार
29 जून 2018
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 5.00
पृष्ठ 20

दैनिक जागरण

Page No :07 Left Middle Side

एकेटीयू की टॉप टेन रैंकिंग में एसआरएमएस

जासं, बरेली : डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम टेक्निकल यूनिवर्सिटी ने शैक्षिक सत्र 2016-17 की प्रथम और अंतिम वर्ष की परीक्षा के आधार पर परफार्मेंस एनालिसिस किया। कुलपति प्रोफेसर विनय पाठक ने संबद्ध कॉलेजों की शैक्षिक गुणवत्ता पर रैंकिंग जारी की। इसमें एसआरएमएस इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी ने टॉप टेन रैंकिंग में जगह बनाई है। बीटेक, बीफार्मा और एमबीए तीनों पाठ्यक्रमों में प्रदेश के दस शीर्ष संस्थानों में एसआरएमएस शामिल है। शैक्षिक सत्र 2017-18 में करीब 135 कंपनी कॉलेज में प्लेसमेंट के लिए पहुंची, इसमें 83 फीसद विद्यार्थियों का चयन हुआ है। इस उपलब्धि पर संस्थान के चेयरमैन देवमूर्ति, सचिव आदित्य मूर्ति, ट्रस्ट प्रशासक सुभाष मेहरा, डीन डॉ. प्रभाकर गुप्ता ने शिक्षक-विद्यार्थियों को बधाई दी है।